## महत्वपूर्ण एवं खास

### देश के 13 शहरों से वायुसेवा से जुड़ जाएगा बस्तर

15 जून से नियमित उड़ान सेवा होगी शुरू

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से यात्री विमान सेवा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार की दोपहर भिलाई से करेंगे। स्थानीय हवाई अड्डे पर तैयारी पूरी कर ली गई है। यहां से उड़ान योजना के तहत नियमित विमान सेवा 15 जून से शुरु होगी लेकिन इससे पहले 14 जून को रायपुर से विशेष विमान जगदलपुर तक आएगा। एअरपोर्ट के अफ्सरों के मुताबिक पहले दिन दो हवाई जहाज यहां आएंगे जिसमें से एक में एअरओडिशा का स्टाफरहेगा। दूसरे को यहां से रायपुर के लिए प्रधानमंत्री भिलाई से रवाना करेंगे।

### ईद-उल-फितर मनाने आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

**रायपुर (आरएनएस)।** जिले में ईद-उल-फितर पर्व को सौहार्द और शांतिपूर्ण ढंग से मानने के लिए यहां पुलिस कंट्रोल रूम में अपर कलेक्टर डॉ. रेणुका श्रीवास्तव और सीएसपी कोतवाली सुखनंदन राठौर की उपस्थिति में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ईद-उल-फित्तर का त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाये जाएगा। इस संबंध में आम नागरिकों से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की गई है।

पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित शांति समिति की बैठक में पूर्व वर्षो की भांति ही इस वर्ष भी ईद-उल-फित्तर पर्व के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम को पर्याप्त साफ-सफाई, लाइट, फायर ब्रिगेड तथा पार्किंग व्यवस्था करने को कहा गया है। इसी तरह ईद-उल-फित्तर के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की आवश्यक व्यवस्था के लिए नगर निगम को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर निगम अपर आयुक्त आशीष टिकरिहा और शांति समिति के ओकांर बैस, संजय तिवारी, अलीम रजा, शेख शकील, राधेश्याम बुंदेला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### एमएससी नर्सिंग व पोस्ट बेसिक नर्सिंग की परीक्षा 17 को

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा आयोजित होने वाली एम.एस.सी. नर्सिंग व पोस्ट बेसिक नर्सिंग की परीक्षा आगामी 17 जून को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में एम.एस.सी. की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक तथा द्वितीय पाली में पोस्ट बेसिक नर्सिंग की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक व्यापम द्वारा निर्धारित 04 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। इसमें प्रो.जे.एन. पाण्डेय शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नलघर चौक, जे.आर. दानी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला कालीबाड़ी, पी.जी. उमाठे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला शांति नगर एवं शहीद संजय यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला संजय नगर परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सीमा ठाकुर को नोडल अधिकारी एवं सहायक परियोजना अधिकारी के.एस. पटले को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### जैजैपुर ब्लाक के किकिरदा पंचायत का मामला, फाइलों में दौड़ रहा कागजी घोड़ा

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जिले के जैजैपुर ब्लाक को स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ( खुले में शौंच मुक्त ) बना लेने के भले ही प्रशासन लाख दावे कर रहे हैं । लेकिन वास्तव में यहां की ज्यादातर ग्राम पंचायतें केवल कागजों में ही ओडीएफ ग्राम हुई है । अधिकतर पंचायतों में अभी भी लोग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। यहां पर सिर्फ फाइलों में ही कागजी घोड़ा दौड़ रही है ।

### 15 अगस्त से नियमित दौड़ेगी विशाखापटनम नाइट एक्सप्रेस ट्रेन

**जगदलपुर (आरएनएस)।** आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस से वर्तमान में चल रही विशेष नाइट एक्प्रेस ट्रेन जो लौह नगरी किरंदुल से लेकर विशाखापट्टनम तक चलती है। वह नियमित ट्रेन के रूप में चलेगी और इसका विशेष दर्जा समाप्त हो जायेगा। पिछले दिनों रेलमंत्री पीयूष गोयल और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह तथा सांसद दिनेश कश्यप के प्रयासों से इस ट्रेन को एक जुलाई से नियमित ट्रेन के रूप में चलाने की रेलमंत्री ने घोषणा की थी। लेकिन रेल्वे ने इसका पालन नहीं किया था। जिसका प्रभाव बस्तर में बढ़ते गुस्से के रूप में सामने आया था। अब बस्तर में रेल्वे के इस कदम के विरोध में बढ़ते प्रभाव देखकर तथा सार्वजनिक रूप से की गई घोषणा से रेल्वे बोर्ड ने तत्काल कदम उठाते हुए इसे नियमित करने की घोषणा की।

### छत पर सोया था अधेड़ नीचे गिरा, मौत

**बेमेतरा (आरएनएस)।** बेमेतरा के खपरी कला गांव में बीती रात छत से गिरने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। व्यक्ति रात को छत पर सो रहा था तभी वह छत से नीचे गिर गया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है और परिजनों से पूछताछ कर रही है।

# थोक में छग पुलिस के टीआई इधर से उधर किये गये

**रायपुर (आरएनएस)। पुलिस मुख्यालय ने मंगलवार की रात को छत्तीसगढ़ पुलिस में थोक में टीआई के तबादला आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत 116 टीआई को इधर से उधर किया गया है।**

जारी आदेशानुसार राजेश चौधरी रायपुर से जांजगीर-चांपा, अभिनव कांत सिंह दंतेवाड़ा से रायगढ, मीरा अग्रवाल बलौदा बाजार से मानव अधिकार आयोग रायपुर, निकोदिन खेस गरियाबंद से पीटीएस मैनपाट, सिद्धेश्वर प्रताप सिंह महासमुंद से बीजापुर, राजकुमार सोरी धमतरी से बिलासपुर, नरेश चंद्र दीवान दुर्ग से कांकेर, भारती मरकाम दुर्ग से रायपुर, रामू गूद्देर राजनांदगाँव से रायपुर, संजय पुंढीर राजनांदगाँव से रायपुर, अजीत कुमार ओगरे राजनांदगाँव से कबीरधाम, प्रवीण राजपुत राजनांदगांव से बिलासपुर, विजय चेलक राजनांदगांव से कोरबा, अनिता सागर कबीरधाम से पीएचक्यू, राजेश श्रीवास्तव बिलासपुर से जांजगीर चाँपा, तोबियस खाखा बिलासपुर से कांकेर, समित राम साहू बिलासपुर से रायगढ, राजकुमार पात्रों बिलासपुर से रायपुर, दामोदर मिश्रा बिलासपुर से कार्यालय पुलिस मुख्यालय रेंज बिलासपुर, शीतल सिंह सिदार जांजगीर से सूरजपुर, एम्ब्रोज कुजुर कोरबा से बस्तर,कौशल्या साहू रायगढ़ से जांजगीर चांपा, अनिता प्रभा मिंज जशपुर से बलरामपुर, महालक्ष्मी कुलदीप सरगुजा से कोरिया,नीलिमा तिर्की सरगुजा से बलरामपुर, रामेंद्र कुमार सिंह सूरजपुर से कोरबा,रामसाय पैकरा कोरबा से सूरजपुर, अंजना केरकेट्टा कोरिया से रायगढ, आशा लकडा बलरामपुर से सरगुजा, विजय प्रसाद पैकरा बस्तर से जांजगीर चांपा, प्रतिभा मरकाम बस्तर से नारायणपुर, रौशनी कुजुर बस्तर से रायपुर,मनोज नेताम बस्तर से बलरामपुर, शोभा मंडावी बस्तर से गरियाबंद, सरोज टोप्पो बस्तर से रायगढ,कृष्णालाल पाटले कोंडागांव से बिलासपुर, राजेश जगत कोंडागांव से गरियाबंद, संतोषी ग्रेस दंतेवाड़ा से रायगढ, संग्राम सिंह दंतेवाड़ा से राजनांदगांव, अमित सिंह सुकमा से रायगढ,राजेश कुमार पटेल सुकमा से कोरबा,अजय खेस कांकेर से रायपुर,कोमल प्रसाद राठैड़ कांकेर से राजनांदगांव,कंचन ठाकुर कांकेर से पीएचक्यू, राजेश कुटेश्वर कांकेर से महासमुंद, सुधीर मिंज कांकेर से सरगुजा, नितिन उपाध्याय बीजापुर से बिलासपुर, अंशुमान सिंह बीजापुर से रायपुर, विरेंद्र सिंह बीजापुर से राजनांदगाँव, प्रदीप मिंज नारायणपुर से महासमुंद, राजेश बागडे रायपुर से दूर्ग, संतोष जैन धमतरी से बिलासपुर,विजय चौधरी जांजगीर से बीजापुर, मोतीलाल पटेल कोरबा से कांकेर, कृष्णकांत सिंह बिलासपुर से सरगुजा, रमेश सोरी नारायणपुर से कोंडागांव, जयप्रकाश गुप्ता दंतेवाड़ा से बिलासपुर, श्रीकांत शुक्ला पीएचक्यू से कांकेर, शेर सिंह बंदे पीएचक्यू से नारायणपुर, राजेश सिंह बीजापुर से बलौदा बाज़ार, कमलाकांत शुक्ला नारायणपुर से कोरिया, राजालाल बड़ा रायपुर से सूरजपुर, ढालसिंह सिन्हा रायपुर से धमतरी, अब्दुल शफीक खान रायपुर से जांजगीर चाँपा,कुमार सिंह उसेंडी बलौदा बाजार से जांजगीर चाँपा, रघुवीर सिंह ठाकुर गरियाबंद से सूरजपुर,कार्तिक चंद महासमुंद से जांजगीर चाँपा, उषा अहिलवार महासमुंद से रायपुर, कोमल सिंह कुलदीप धमतरी से रायपुर,सोहनलाल सिन्हा धमतरी से रायपुर, विनय कुमार सिंह दुर्ग से रेंज मुख्यालय दुर्ग, मोहम्मद रफीक खान दुर्ग से रायगढ़, श्रीराम सिन्हा दुर्ग से रायपुर,ध्रुव कुमार मार्कण्डेय बेमेतरा से रायगढ,बीएल स्वर्णकार बालोद से बेमेतरा,प्रदीप पाठक बालोद से रायपुर,अरुण सोम राजनांदगांव से सूरजपुर,मंगेश देशपांडे राजनांदगाँव से सूरजपुर, कुंजबिहारी नागे राजनांदगांव से रायपुर, योगेन्द्र पांडेय राजनांदगांव से रायपुर, राकेश नारायण पांडेय राजनांदगाँव से रायपुर,कमल नारायण शर्मा कबीरधाम से रायपुर, कुंवर सिंह नागवंशी कबीरधाम से राजनांदगाँव, बलवंत सिंह राजपुत कबीरधाम से दुर्ग, विलियम टोप्पो बिलासपुर से कोरिया,स ुशीला टेकाम बिलासपुर से रायपुर,अरविंद मिंज बिलासपुर से कोरिया, विनोदिनी तांडी बिलासपुर से जांजगीर चांपा, फिलमोन टोप्पो मुंगेली से महासमुंद,रामदीन कुर्रे जांजगीर से रायगढ़, हरिराम साहू जांजगीर से बिलासपुर,कन्हैया लाल यादव जांजगीर से जशपुर, रामगोपाल देवांगन जांजगीर से बिलासपुर, रामसिंग मंडावी कोरबा से बिलासपुर, मानसिंह राठौड़ कोरबा से बिलासपुर, शत्रुहनसिन्हा राजपुत कोरबा से जांजगीर चाँपा, बालसाय केरकेट्टा रायगढ से बिलासपुर, सलीम तिग्गा रायगढ़ से बिलासपुर, रामअवतार पटेल रायगढ़ से बिलासपुर,विनोद अवस्थी सरगुजा से कोरिया, शांति हेलेना सरगुजा से सुरजपुर,शिवराम उंजाम सूरजपुर से जशपुर, रुंगट राम सूरजपुर से जशपुर, व्यास नारायण भारद्वाज सुरजपुर से जशपुर, तिरसनसाय पैकरा कोरिया से सरगुजा, सिरिल एक्का बलरामपुर से जशपुर, दलप्रताप सिंह बलरामपुर से जशपुर, आलोक दत्ता बस्तर से दुर्ग, सुरेश कश्यप बस्तर से रायपुर, द्वारिका प्रसाद श्रीवास कांकेर से रायपुर,दीनबंधू उईके कांकेर से बलौदाबाजार, गुनीराम बघेल बस्तर से बिलासपुर, कीर्ति कश्यप बस्तर से रायपुर,शंभूराम नाग कोंडागांव से रायपुर,टिल्लू सिंह ठाकुर कोंडागांव से दूर्ग और इग्नायुस तिर्की कांकेर से बिलासपुर किया गया है।

### मवेशी तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ : 10 महिला समेत 40 तस्कर गिरफ्तार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में अब तक के सबसे बड़ी कार्यवाही हुई है यह कार्यवाही मवेशी तस्करों के विरुद्ध की गई है।

पुलिस ने 40 मवेशी तस्करों को गिरफ्तार किया है।बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपियों में 10 महिलाएं भी शामिल है. तस्करों के पास से 500 से ज्यादा मवेशी भी जब्त की गई है,उक्त कार्रवाई नंदनी पुलिस की टीम ने की है। पकड़े गए तस्करों को हिरासत में लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात गौ सेवक संस्था ने घेराबंदी कर इन मवेशी तस्करों को पकड़ा है। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से तस्करी की गई मवेशी भी बरामद किया गया है. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है. पूछताछ में और भी बड़े तस्करों का खुलासा हो सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इन तस्करों में महिलाएं भी शामिल हैं. ऐसा पहली बार हुआ कि गौ तस्करी के रुप में महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है।

### हमर छत्तीसगढ़ योजना : अब तक डेढ़ लाख जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों ने देखा रायपुर और नया रायपुर

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के विकास को जन-जन तक पहुंचाने एवं त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं के सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना 'हमर छत्तीसगढ़' के तहत अब तक डेढ़ लाख जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी राजधानी के अध्ययन भ्रमण पर आ चुके हैं। पंचायत प्रतिनिधियों के अध्ययन भ्रमण के लिए 01 जुलाई 2016 को शुरू की गई इस योजना में समय-समय पर नए आयाम जोड़े गए हैं। सहकारी संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों को 02 अक्टूबर 2016 से एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत काम कर रहीं महिला स्वसहायता समूह की पदाधिकारियों को 16 मई 2018 से इस योजना से जोड़ा गया है। हमर छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत अब तक एक लाख 50 हजार 210 जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने रायपुर और नया रायपुर का भ्रमण किया है। इनमें ग्राम पंचायतों और नगर पंचायतों के एक लाख 37 हजार 890 प्रतिनिधि, सहकारी संस्थाओं के छह हजार 456 प्रतिनिधि तथा महिला स्वसहायता समूह की पांच हजार 864 पदाधिकारी शामिल हैं।



### यात्रियों से भरी बस पलटी, 7 घायल, 4 की हालत गंभीर

**मुंगेली (आरएनएस)।** मंगलवार की सुबह तखतपुर से पथरिया की ओर जा रही यात्रियों से भरी बस खम्हरिया गांव के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना में 7 यात्री घायल हो गए हैं जिनमें से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए उपस्वास्थ केंद्र ले जाया गया जहां उनक इलाज चल रहा है।

### शिक्षा विभाग में पदस्थ क्लर्क कैसे पहुंच गया पाकिस्तान बार्डर

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर के स्कूल में पदस्थ बाबू गोवर्धन प्रसाद जगत 20 मार्च को अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकला था पर पर वह स्कूल नही पहुचंकर सीधे अमृतसर-पंजाब के बॉर्डर को पार कर पाकिस्तान की सीमा पहुंच गया। जहां सीमा पार कर घुसने की कोशिश करते बीएसएफ के जवानों ने पकड़ा लिया ऐसा बीएसएफ का अरोप है। 3 माह पहले वह घर मे बीना बताये निकल गया था। घर वालो के अनुसार उसका दिमाकी हालत कुछ ठीक नही है। जांजगीर थाना में परिजनो ने गुमशुदा की मामला दर्ज कराया था। परिजनो को सूचना मिलने पर उसे लेने के लिए उसके घर वाले बीएसएफबॉर्डर के लिए निकल गए हैं। फिलहाल बीएसएफके जवान उसे शक के आधार पर लोपोके थाना में रखा गया हैं ।



### शिक्षाकर्मी नेताओं ने कहा संविलियन ड्राफ्ट हो सार्वजनिक

**रायपुर (आरएनएस)।** संविलियन की घोषणा के बाद शिक्षाकर्मियों में जहां हर्ष व्याप्त है तो वहीं संविलियन ड्राफ्ट सार्वजनिक नहीं होने से तरह-तरह के अटकलों का बाजार गर्म है। इधर मोर्चा संचालकों ने राजय सरकार से संविलियन ड्राफ्ट को सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। शिक्षक पंचायत नगरीय निकाय मोर्चा के प्रदेश संचालकों ने राज्य सरकार ने मांग किया है कि शिक्षाकर्मियों के संविलियन ड्राफ्ट को सार्वजनिक किया जाए। ड्राफ्ट के अध्ययन के बाद यदि उसमें कोई विसंगति अथवा खामी पाई जाती है तो उसे कैबिनेट की बैठक में लिए जाने वाले निर्णय के पूर्व ही सुधार लिया जाए, ताकि संविलियन में किसी भी तरह की कोई अड़चन अथवा किसी भी पक्ष में नाराजगी न हो। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह द्वारा शिक्षाकर्मियों के संविलियन की घोषणा किए जाने के बाद से ही शिक्षाकर्मियों में हर्ष व्याप्त है। किंतु संविलियन ड्राफ्ट सार्वजनिक नहीं होने से इन दिनों अटकलों का बाजार गर्म है। इससे मोर्चा और प्रांतीय संचालकों में भी बेचैनी देखी जा रही है।

## बस्तर में बंदूक से नहीं, शिक्षा से होगी शांति कायम

**जगदलपुर (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के चुनावों को लेकर बेहद गंभीर है। जिसके चलते पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुझे प्रदेश चुनाव प्रबंधन प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर भेजा है। पार्टी सभी जिलों का दौरा कर स्थानीय मुद्दों का संकलन कर रही है। इसके पश्चात विजन छत्तीसगढ़ की एजेंडे से पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनावों में उतरेगी। विजन छत्तीसगढ़ की अवधारणा के अनुरूप ही बस्तर के लिए पृथक तौर पर विजन बस्तर की एजेंडा बनाया जाएगा और उसी एजेंडा के तहत बस्तर के सभी बारह जिलों में चुनावी बिगुल फूंका जाएगा। इसके अतिरिक्त बस्तर और छत्तीसगढ़ में माओवाद का खात्मा बंदूक से नहीं बल्कि सकारात्मक शिक्षा से खत्म होगा। उक्त बातें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व दिल्ली सरकार के विशेष सलाहकार राकेश सिंहा ने पत्रवार्ता के दौरान कही।

### क्रेडिट कार्ड वेरीफिकेशन के नाम पर अधेड़ के खाते से 61 हजार पार

**रायपुर (आरएनएस)।** क्रेडिट कार्ड वेरीफिकेशन करने के नाम पर अज्ञात फोनकर्ता ने एक अधेड़ के खाते से करीब 61 हजार रूपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी मोह.युसूफ खान पिता स्व.सफी मोह. 54 वर्ष निवासी एलआईजी 138 फेस 2 कबीरनगर ने शिकायत दर्ज कराया कि घटना दिनांक 11 जून को आरोपी मोबाइल फोन क्रमांक 72589-86989 के धारक दीपक वर्मा ने प्रार्थी को फोन कर स्वयं को एसबीआई बैंक रामसागरपारा से होना कहकर प्रार्थी के क्रेडिट कार्ड का वेरिफिकेशन करने के नाम पर बैंक खाता एवं एटीएम नंबर पूछा। इसके बाद प्रार्थी के मोबाइल पर आए ओटीपी नंबर की जानकारी ले ली।

### अपनी मांगों को लेकर बिजली ऑपरेटरों ने किया धरना-प्रदर्शन

**रायपुर (आरएनएस)।** ठेका कर्मचारी यूनियन के बिजली सब स्टेशन में काम करने वाले ऑपरेटरों ने अपनी मांगों को लेकर आज कंपनी मुख्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। समान काम समान वेतन, ठेका कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बनाने की मांग सहित अन्य मांगों को लेकर यूनियन के लोगों ने कार्यपालक निदेशक से लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम भी ज्ञापन सौंपा है।

## नियमों का उल्लंघन...बावजूद नये निजी स्कूलों को दी जा रही धड़ल्ले से मान्यता

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में पहले से ही जहां हजारों की संख्या में ऐसे निजी स्कूल है जो खुलेआम शिक्षा विभाग के नियमों का उल्लंघन करते हुए स्कूलों का संचालन कर रहे है। एक ओर विभाग जहां ऐसे स्कूलों के खिलाफ ना ही कार्यवाही कर रहा है और ना ही स्कूलों में नियमों का पालन कराने के लिए कोई ठोस कदम उठा रहा है, बल्कि दूसरी ओर विभाग शिक्षा के नाम पर चल रहे इस व्यवसाय को और बढ़ावा देते हुए लगातार नये स्कूलों को खोलने के लिए धड़ल्ले से मंजूरी दी जा रही है। परिणाम स्वरूप प्रदेश में शिक्षा के नाम पर बच्चों के पालकों को लूटने वाले निजी स्कूलों में लगातार वृद्धि हो रही है।

राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में जिस तेजी के साथ निजी स्कूलों का जाल फैला है इससे हर कोई वाकिफ है। वैसे तो शिक्षा विभाग की सूची में नियमों की भरमार है, लेकिन देखा जाए तो निजी स्कूलों में इन नियमों का पालन कराने में विभाग अब तक नाकाम साबित हुआ है। विभाग की लचर व्यवस्था के चलते निजी स्कूलों के प्रबंधकों द्वारा लगातार फायदा उठाया जा रहा है।

उनके द्वारा ना केवल बच्चों के पालकों से मनमानी फीस वसूला जा रहा है, बल्कि प्रति वर्ष फीस में वृद्धि, साल में स्कूल भवन के मेंटनेंस, स्पोर्ट्स, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्कूल के ऑटो व बसों का किराया के नाम पर भी मनचाही फीस वसूला जा रहा है। यहीं नहीं स्कूलों में बच्चों के वाहनो में लाने व ले जाने के नियमों, गाड़ियों का मेंटनेंस, स्कूल में वाहनों की पार्किंग, स्कूल परिसर में बच्चों के लिए स्पोर्ट्स मैदान होना, स्कूल के मुख्य गेट में सीसीटीवी कैमरे, स्कूल बसों कैमरे आदि नियमों का पालन भी नहीं किया जा रहा है।